हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 13 मई 2026

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

4
एसईसीएल का वादा, केलो नदी के प्राकृतिक प्रवाह से नहीं होगी किसी तरह की छेड़छाड़





## खबर संक्षेप

### कारोबारी के बेटे की संदिग्ध मौत

**रायगढ़।** शहर में एक कारोबारी के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक सोमवार की शाम घर से घूमने के लिए निकला थाए लेकिन देर रात उसका शव रेलवे लाइन के पास मिला। घटना के बाद चक्रधरनगर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कसेरपारा निवासी राहुल अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल 38 वर्ष सोमवार शाम अपनी स्कूटी लेकर घर से निकले थे। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान जानकारी मिली कि उनकी स्कूटी डिग्री कॉलेज के पास खड़ी है। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस लोचननगर के आगे डाउन लाइन की ओर पहुंचेए जहां राहुल अग्रवाल मृत अवस्था में मिले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### युवक को झारखंड से छुड़ाया, 3 गिरफ्तार

**रायगढ़।** युवक के अपहरण के मामले में पुलिस ने झारखंड से तीन आरोपियों को गिरफ्तार और दो स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर युवक को बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक थाना लैलूंगा क्षेत्र के मुड़ागांव रामनाथपुर निवासी शिवप्रसाद बंजारा के 26 वर्षीय पुत्र रवि नारायण बंजारा का झारखंड से आए तीन युवकों ने अपहरण कर लिया है। पीड़ित परिवार के अनुसारए 10 मई की दोपहर आरोपी पवन साहूए विष्णु साहू और नरेंद्र साहू दो कार क्रमांक सीजी 14 एमयू 1197 और जेएच 01 डीवी 6413 में सवार होकर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने घर में घुसकर रवि बंजारा के साथ मारपीट की और 12 लाख रुपए के लेन.देन का विवाद बताते हुए जबरन वाहन में बैठाकर अपने साथ ले गए। पुलिस टीम ने झारखंड के रांची में दबिश देकर अपहृत युवक रवि नारायण बंजारा को सकुशल मुक्त कराया। पुलिस ने आरोपी पवन साहूए विष्णु साहू और नरेंद्र साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

### नशीली कफ सीरप की बिक्री पर कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**चांपा ।** 25 नग मादक कफ सीरप के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 5 हजार रुपए के कफ सीरप व नगदी के साथ बाइक को जब्त किया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी का है। सोमवार 11 मई को थाना चांपा क्षेत्र के ग्राम सिवनी के तालाब किनारे मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि कफ सीरप की बिक्री की जा रही है। बताया जाता है कि सिवनी मंडल तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से नशीली कफ सिरप कोरेक्स सिरप की बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद थाना चाम्पा पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां एक व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ काला बैग लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। थाना चांपा पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

### फूड विभाग की टीम ने दी दबिश, जांच में खुलासा

# पेट्रोल पंप शुरू होने से पहले ही अवैध बिक्री, साढ़े 3 हजार लीटर डीजल गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ऑटोमेशन नहीं, बिना बिजली कनेक्शन के चल रहे पेट्रोल पंप में अवैध बिक्री शुरु हो गई है। इसका खुलासा तब हुआ जब खाद्य विभाग की टीम ने वहां दबिश दी। यहां साढ़े 3 हजार लीटर डीजल तो गायब मिला। वहीं स्टॉक से 340 लीटर पेट्रोल भी कम मिला। निमार्णाधीन पंप में ढेरों अनियमितता सामने आने के बाद अधिकारियों ने पंप को सील कर दिया है। यह मामला तमनार के एचपीसीएल पेट्रोल पंप का है जिसका संचालन ही संदेहास्पद है। सोमवार को फूड विभाग की टीम ने तमनार के निर्माणाधीन एचपीसीएल पेट्रोल पंप में छापेमारी की। इस दौरान पता चला कि यहां ऑटोमेशन ही नहीं हुआ था। बिजली कनेक्शन भी नहीं था, लेकिन अवैध तरीके से पेट्रोल-डीजल बिक्री की जा रही थी। विभाग के अधिकारियों ने पंप को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार तमनार स्थित मेसर्स एचपी मारुति एनर्जी सॉल्यूशन नवीन रिटेल आउटलेट की जांच की गई। यहां मौके पर दो रिफ्यूलर टैंक क्रमांक सीजी 13 एएम 6699 टाटा अल्ट्रा क्षमता 6 केएल और टैंक क्रमांक सीजी 13 जेड 3895 महिंद्रा बोलेरो क्षमता 2 किलो लीटर परिसर में खड़ा था। फूड विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों वाहन सियाराम फ्यूल्स देहजरी खरसिया का था, लेकिन यहां तक उसे लाया क्यों गया था इसकी जानकारी किसी ने नहीं दिया। पेट्रोल पंप का मैनेजर अधिकारियों के सवालों का जवाब ही नहीं दे सका। कोई दस्तावेज भी पेश नहीं किया। पंप का भौतिक सत्यापन किया गया तो 15 हजार 661 लीटर पेट्रोल और 6 हजार 227 लीटर डीजल स्टॉक में मिला। जानकारी मिली है कि स्टॉक पंजी के अनुसार 16 हजार लीटर पेट्रोल और 9 हजार 699 लीटर डीजल होना चाहिए था। याने 339 लीटर पेंट्रोल और 3 हजार 472 लीटर डीजल की कमी पाई गई।



#### निर्माणाधीन स्थिति में है पंप

फूड विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तमनार स्थित मेसर्स एचपी मारुति एनर्जी सॉल्यूशन नवीन रिटेल आउटलेट अभी निर्माणाधीन है। अभी एचपीसीएल कंपनी द्वारा ऑटोमेशन भी नहीं किया गया है। इतना ही नहीं बिजली कनेक्शन और डीजी सेट स्थाई रुप से स्थापित नहीं किया गया है। ऐसे में पेट्रोलियम पदार्थों की अवैध क्रय- विक्रय की पुष्टि होती है। यह आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत दंडनीय हे।

#### बिना अनुमति का चल रहा कारोबार

जानकारी के अनुसार एचपीसीएल का पंप अवैध तरीके से चल रहा है। बिना अनुमति स्टॉक शिफ्ट किया जा रहा है। जहां जांच के दौरान पेट्रोल और डीजल दोनों कम मिले। इसका मतलगब यह है कि कंपनी से पहुंचा स्टॉक दूसरे जगह पहुंच रहा है।

तमनार स्थित मेसर्स एचपी मारुति एनर्जी सॉल्यूशन नवीन रिटेल आउटलेट की जांच की गई। इस दौरान काफी कुछ खामियां मिली है। प्रकरण दर्ज किया गया है।

सी सिंह
खाद्य अधिकारी

### आरपीएफ ने मामला दर्ज कर बनाया प्रकरण

# ट्रेन में खाने की गुणवत्ता खराब, यात्री ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




बीते दिनों दक्षिण बिहार एक्सप्रेस में में यात्री ने सफ़र के दौरान करीब 41 प्लेट बिरयानी का ऑर्डर आईआरसीटीसी से दिया थाए लेकिन जब रायगढ़ में खाना लाया गया तो आधे से अधिक प्लेट में परोसी गई बिरयानी खराब निकली। ऐसे में यात्री ने इसकी शिकायत रेल मदद के माध्यम से की, जिसके बाद आरपीएफ ने इस मामले में संज्ञान लिया और रेलवे अधिनियम के तहत संबंधित सप्लायर पर मामला पंजीबद्ध किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों दक्षिण बिहार एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्री ने रायगढ़ रेलवे स्टेशन से करीब 40 प्लेट बिरयानी का ऑर्डर आईआरसीटीसी के माध्यम से दिया। जब गाड़ी स्टेशन पहुंची तो सप्लायर में गाड़ी में खाना रखवा दिया। लेकिन कुछ दूर जाने के बाद जब यात्रियों ने खाना खाया तो पता चला कि आधे से अधिक प्लेट में परोसा गया खाना खराब हो चुका है। ऐसे तत्काल इसकी शिकायत रेल मदद के माध्यम से की गई। चूंकि यह शिकायत ऑनलाइन दर्ज हुई थी तो ऐसे ने आरपीएफ तक इसकी सूचना पहुंची। जिसके बाद आरपीएफ ने इस मामले में शिकायत के आधार पर आरपीएफ ने सप्लायर के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वही दूसरी ओर वाणिज्य निरीक्षक वीके कोरी ने बताया कि उन तक मामला नहीं पहुंचा है ए हालांकि उन्हें इस संबंध में जानकारी जरूर है। उन तक मामला पहुंचने के बाद ही इस विभाग की ओर से कुछ कार्रवाई हो सकती है, फिलहाल इस मामले में वाणिज्य विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई सप्लायर के खिलाफ नहीं की गई है।

# पचधारी डैम में हर साल किसी न किसी की जाती है जान, दर्जन भर से अधिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर का पचधारी डैम डेथ जोन बनता जा रहा है। इस डैम में बीते 5 सालों में करीब 2 दर्जन लोगों की जिंदगियां समा गई। हर साल इस डैम में करीब 8 से 10 लोगों की डूब कर मृत्यु होने की खबरें निकल कर आती हैं। जिसे देखते हुए पूर्व में भी जिला प्रशासन ने इस क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित करते हुए यहां नहाने पर पाबंदी लगाई थी, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। अब फिर से प्रशासन ने इस पर सख्ती करते हुए यहां नहाने, सेल्फी लेने और पिकनिक मनाने तक को प्रतिबंधित कर दिया। वहीं दूसरी ओर ऐसा करने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ज्ञात हो कि बीते दिनों एक युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए गया था, इसी बीच वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इससे पहले भी कई युवकों और युवतियों की मौत हो चुकी है। बता दें कि पचधारी डैम में पहले आस पास के ग्रामीण व मोहल्लेवासी निस्तारी के लिए जाते थे, लेकिन उस दौरान डैम में उतनी मौतें नहीं होती थीं, जितनी कि अब हो रही हैं। बताया जा रहा है कि बीते कुछ सालों में पचधारी डैम में लोगों की अत्याधिक भीड़ एकत्र हो रही है। भीड़ बढ़ने के साथ ही यहां लोगों के डूबने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। नगर सेना की मानें तो वर्ष 2020 से लेकर अब तक हर साल औसतन 8 से 10 लोगों की मौत यहां डूबने से होती है। पचधारी डैम में लगातार हो रही मौतों को देखते हुए ही जिला प्रशासन ने पूर्व में इस पूरे क्षेत्र को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया था और यहां एक चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया था, लेकिन असामाजिक तत्वों ने इस बोर्ड को भी तोड़ दिया। अब इसके सिर्फ अवशेष ही बचा है। यहां लगातार हो रही मौतों के बाद भी प्रशासन नहाने और हुडदंग मचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता है।



#### प्रतिबंध जारी

पचधारी डेम में हर साल डूबने की घटना सामने आती है। देखा जाए तो बीते 5 सालों में यहां से करीब दो दर्जन शव निकाले जा चुके है। यहां नहाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसके बाद भी लोग यहां पहुंचते हैं।

बी कुजूर, कमांडेंट, नगर सेना

#### शराबखोरी भी दुर्घटना की बड़ी वजह

पचधारी में नहाने वाले अधिकतर युवा शराबखोरी भी करते हैं और जिसके बाद वे नहाने जाते हैं। इसी बीच उनके साथ हादसा होता है। नगर सेना के सूत्रो ने बताया कि हादसे के बाद अधिक मामलों में यही तथ्य सामने आए है। हालांकि इसमें कई लोग के गहरे पानी की ओर भी जाने से मौत हुई है। हालांकि अब जिला प्रशासन ने सख्ती की है। देखने वाली बात यह है कि यह सख्ती सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह जाती है या फिर इसका असर जमीन पर भी दिखाई देता है।

# 60 किलोलीटर केरोसीन का मिला आवंटन, दुकान संचालकों ने नहीं किया उठाव, लैप्स हुआ स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्तमान में रसोई और व्यवसायिक गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति में आ रही दिक्कत के बीच शासन ने फिर से राशन दुकानों में केरोसीन का वितरण करने का आदेश दिया था। इसके लिए रायगढ जिले में 60 किलोलीटर केरोसीन आबंटित भी प्राप्त हुआ था, लेकिन केरोसीन के वितरण को लेकर पीडीएस दुकान संचालक रूचि नहीं ले रहे हैं। ऐसी स्थिति में शासन की ओर से आबंटित केरोसीन का स्टॉक ही लैप्स हो गया और वर्तमान नया स्टॉक भी प्राप्त नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि वर्तमान में ईरान, ईजराइल और अमेरिका के बीच युद्ध की वहज से रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत से लोगों को कई तरह की परेशानियों उठानी पड रही हैं। एजेंसियों में गैस लेने के लिए कतार लग रहे हैं तो वहीं शादी सीजन होने की वजह से कमर्शियल सिलेण्डर भी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कमर्शियल गैस नहीं मिलने की वजह से कई चाय व नाश्ता ठेला चलाने वाले व्यवसायी स्टोप में डीजल का उपयोग कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से गैस के बडे वाहन भी नहीं आ रहे हैं, ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इसी बीच परेशानियों को देखते हुए राज्य सरकार ने उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से केरोसीन के वितरण को फिर से अनुमति दी है।

शासन ने रायगढ़ जिले में 60 किलो लीटर केरोसीन के आबंटन की अनुमति दी थी। जिसके तहत खाद्य विभाग ने सभी 665 पीडीएस दुकानों में केरोसीन के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लेकिन किसी भी डीलर से राशन दुकान संचालक ने केरोसीन का उठाव ही नहीं किया। केरोसीन लेने में पीडीएस दुकान संचालक इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि केरोसीन की कीमतों में पहले से काफी उछाल देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से ही पीडीएस दुकान संचालक इससे पीछे हटते नजर आ रहे हैं।



#### समय-सीमा में उठाव के निर्देश

राज्य शासन ने केरोसिन का समय-सीमा में उठाव और वितरण सुनिश्चित करने का कहा है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को उनकी पात्रता की जानकारी देने को निर्देशित किया गया है। मुख्य बात यह है कि जिन उचित मूल्य दुकानों में केरोसिन की मांग कम है, वहां शेष स्टॉक को जरूरत वाले दुकानों में पुनः आबंटित करने की बात कही जा रही है, लेकिन यहां स्थिति यह है कि ऊंची कीमतों की वजह से पीडीएस दुकान संचालक केरोसीन के स्टॉक का उठाव ही नहीं कर रहे हैं। ऐसे में जिले को प्राप्त आबंटन लैप्स हो गया और स्टॉक वापस लौट गया। जिसके बाद नया स्टॉक प्राप्त नहीं हुआ है।

#### शहरी में 1 और ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लीटर होगा वितरण

यह केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के सभी राशनकार्डधारियों को वितरित किया जाना है। विभागीय जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्रों में प्रति राशनकार्ड अधिकतम 1 लीटर और ग्रामीण क्षेत्रों (अनुसूचित एवं गैर-अनुसूचित) में अधिकतम 2 लीटर केरोसिन वितरित किया जाना है।

#### 30 अप्रैल तक उठाव था अनिवार्य

शासन के आदेश के तहत अप्रैल माह के लिए आवंटित केरोसिन का उठाव 30 अप्रैल 2026 तक अनिवार्य रूप से करना था, लेकिन पीडीएस दुकान संचालकों ने केरोसिन की डिमांड करना ही बंद कर दिया।

# महिला से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़।** पुलिस ने महिला से दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला थाना कापू क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 10 मई को एक स्थानीय महिला ने थाना कापू पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 23 दिसंबर 2025 की शाम वह अपने पति और बच्चों के साथ घर पर मौजूद थी। इसी दौरान परिचित रिश्तेदार सुधीर किस्पोट्टा उनके घर आया। आरोप है कि उसने महिला के पति को पैसे देकर शराब लाने के बहाने दूसरे गांव भेज दिया। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि पति के घर से जाने के बाद आरोपी ने उसे घर में अकेला पाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और घटना की जानकारी किसी को देने पर धमकी दी। लोकलाज और डर के कारण महिला ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराईए लेकिन बाद में साहस जुटाकर पुलिस में शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कापू पुलिस ने आरोपी सुधीर किस्पोट्टा के खिलाफ धारा 64,2 के तहत अपराध दर्ज किया। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश कर उसे हिरासत में ले लिया। बाद में वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# 98 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने थाना तमनारए भूपदेवपुर और चक्रधरनगर क्षेत्र में अलग.अलग छापेमारी कर कुल 98 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में 2 महिलाओं समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पहली कार्रवाई तमनार थाना में की गई है जहां ग्राम सारसमाल कुधरी भदरा खेत के पास एक व्यक्ति अवैध महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी परमानंद उरांव 43 वर्ष को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से अलग.अलग जरीकेन और प्लास्टिक डिब्बों में भरी 60 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह दूसरी कार्यवाही भूपदेवपुर पुलिस ने करते हुए ग्राम किरीतमाल में आरोपी गंगाधर सिदार 59 वर्ष के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। आरोपी शराब रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके बाद उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** शादी करने का झांसा देकर नाबालिग को बहलाफुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में न्यायालय ने 20 वर्षीय आरोपी युवक को 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में लोक अभियोजक गोविंद कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग बालिका से आरोपी करन डोम पिता चैतनराम डोम 20 वर्ष से परिचय वर्ष 2024 में एक अज्ञात नंबर के कॉल से हुआ। जिसके बाद दोनों एक दूसरे मोबाइल के माध्यम से ही बातचीत करते थे। इसी बीच करन ने नाबालिग को पसंद करने की बात कही और इसी दौरान दोनों के बीच शादी करना भी तय हुआ। माह अप्रैल 2024 में करन नाबालिग के घर के पास पहुंचा और उसे घुमाने के बहाने बहलाफुसला कर कुम्भीचुआं पत्थलगांव ले गया, जहां उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। तब परिजनों ने नाबालिग बालिका के गुम होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई, लेकिन इस घटना के बारे में नाबालिग ने अपने परिजनों को कुछ नहीं बताया। इसी बीच 27 मई 2025 को करन नाबालिग के घर के पास आया और शादी करने की बात कही। तब नाबालिग ने अपनी दादी को दुकान जाने की बात कहते हुए घर से निकली और करन के साथ 28 मई को गेरवानी और फिर पुरी ओडिशा चली गई। वहां से दोनों करन के मामा के घर चले गए, इस बीच आरोपी ने नाबालिग के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। जब उनका लोकेशन पुलिस को मिला तो पुलिस ने नाबालिक को बरामद करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षाफल सुधार एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की हुई सख्त समीक्षा

# निजी विद्यालयों को कलेक्टर की नसीहत, सुधारें रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के सीबीएसई मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त अशासकीय निजी विद्यालयों के प्राचार्य, संस्था प्रमुख एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेए जहां शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षाफल सुधार तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता से समीक्षा की गई। बैठक में सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षाफल की गहन समीक्षा करते हुए विद्यालयवार प्रदर्शन का परीक्षण किया गया। जिन विद्यालयों का परीक्षाफल संतोषजनक नहीं पाया गयाए उन्हें कड़ी चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिए गए कि आगामी सत्र में परिणाम सुधार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा निर्देशित करते हुए कहा गया कि विद्यार्थियों के भविष्य एवं शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के भविष्य एवं शिक्षा के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। विद्यालयों को विद्यार्थियों के एकेडमिक स्तर में सुधार लाने पर विशेष ध्यान देनेए नियमित कक्षा संचालन सुनिश्चित करने तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने हेतु संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश जारी किए गए। समीक्षा के दौरान सत्र 2025.26 में कक्षा संचालन की स्थितिए सत्र 2026.27 के लिए लक्ष्य निर्धारणए कक्षावार पाठ्यपुस्तकों की सूचीए विद्यालय बसों की फिटनेस रिपोर्टए शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता एवं वेतन संबंधी जानकारीए आरटीई अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों की कक्षावार जानकारी तथा विगत तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करनेए नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय.सीमा में समस्त आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि कमजोर शैक्षणिक प्रदर्शनए प्रशासनिक अनियमितता अथवा विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### सिमड़ा में सुगन्ती को मिली ट्राइसाईकिल

**जशपुरनगर।** दुलदुला विकास खंड के ग्राम सिमड़ा में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 3 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र और 1 दिव्यांग हितग्राही को ट्राइसाईकिल वितरण किया गया। इनमें ग्राम सिमड़ा के सुगन्ती तिर्की, को ट्राइसाईकिल मिला और डोम ,नूपपति और रामेश्वर साय को पेंशन स्वीकृत आदेश दिया गया। सुगन्ती तिर्की ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उनको कही आने जाने में सुविधा होगी दूसरे लोगों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

### दृष्टि बाधित बच्चों के लिए प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग, जिला जशपुर द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों के लिए संचालित शासकीय दृष्टि बाधितार्थ आवासीय विशेष प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 1 से 5 में प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश हेतु दृष्टि बाधित बच्चों के माता-पिता व अभिभावक विद्यालयीन कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची, पासपोर्ट साइज 2 फोटो लाना होगा।

### बिना आईडी कमरा दिया तो होगी सख्त कार्रवाई



**जशपुरनगर।** जिले में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जशपुर पुलिस ने होटल और लॉज संचालकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित अहम बैठक में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि बिना वैध पहचान पत्र और ऑनलाइन एंट्री के किसी भी व्यक्ति को होटल या लॉज में ठहराया गया तो संचालकों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कप्तान ने जिले के सभी होटल और लॉज संचालकों को छत्तीसगढ़ पुलिस की "समाधान मोबाइल एप" में अपनी आईडी जनरेट करने और होटल में रुकने वाले हर व्यक्ति की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब जिले में ठहरने वाले बाहरी लोगों की निगरानी तकनीकी माध्यम से की जाएगी, ताकि अपराधियों और संदिग्धों पर प्रभावी नजर रखी जा सके। बैठक के दौरान एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि कई बार अपराधी और संदिग्ध तत्व फर्जी पहचान या बिना दस्तावेज के होटल-लॉज में ठहरते हैं, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे में सभी संचालकों की जिम्मेदारी है कि वे हर आगंतुक का पहचान सत्यापन अनिवार्य रूप से करें।

### स्वीकृत स्थल बदलकर डैम निर्माण का आरोप

**जशपुरनगर।** ग्राम पंडरापाठ क्षेत्र में निर्माणाधीन डैम परियोजना को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामवासियों एवं प्रभावित किसानों ने मुख्यमंत्री तथा कलेक्टर जशपुर को आवेदन सौंपकर परियोजना में गंभीर अनियमितताओं की जांच कराने एवं निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि डैम का निर्माण मूलतः बूंदापाठ, गेउर नदी एवं घोड़ा पत्थर क्षेत्र में स्वीकृत था, लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य गेउर नदी के दुम्हान पुलिया के समीप कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस बदलाव की जानकारी न तो ग्रामसभा को दी गई और न ही ग्रामसभा से किसी प्रकार की सहमति ली गई। ग्रामीणों की प्रशासन को मांग के साथ दी चेतावनी ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, स्वीकृत एवं वर्तमान निर्माण स्थल का सत्यापन किया जाए।

# अटूट आस्था और सांस्कृतिक गौरव का महोत्सव





**रायगढ़।** गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया।

इसी क्रम में रायगढ़ के बाबा धाम कोसमनारा में भी आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष का भव्य आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन मिनट टू मिनट्स निर्धारित रूपरेखा के अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। आयोजन में श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य गीत प्रस्तुत किया गया। कैदीमुड़ा की मां मानकेसरी महिला समूह द्वारा प्रस्तुत शिव भजन एवं भक्तिमय गीतों ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया।

## कलेक्टर व जिला पंचायत अध्यक्ष ने पूजा अर्चना के साथ किया शुभारंभ

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में उमड़ा श्रद्धा और संस्कृति का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सौजन्य से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ द्वारा खाडाबंध तालाब तट पर स्थित खडगेश्वरनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर क्षेत्र की सुख. समृद्धि की कामना की।

इस दौरान मंदिर के आंगन में भजन कीर्तन का कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम में वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में सत्ताधारी दल के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाणिग्राही, जिला



अध्यक्ष ज्योति पटेल, भुवन मिश्रा सहित एसडीएम सारंगढ़ वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी आदि ने महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा पाठ किया और आयोजन में शामिल हुए। पूजा अर्चना पश्चात केसरवानी भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री मोदी के सोमनाथ की रैली का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। तदुपरांत कलेक्टर ने भारतीय संस्कृतिए संस्कारए आस्था, विश्वास और परंपराओं पर अपनी बात कही। जिपं अध्यक्ष पांडे ने सोमनाथ के इतिहास के बारे में बताया। इस बीच प्रोजेक्टर के द्वारा प्रधानमंत्री के संबोधन को लोगों ने बड़े उत्साह और ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का माहौल देखने को मिला सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के माध्यम से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में नागरिक, समाजसेवी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका सहित बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।



## कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, की कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने विभिन्न विभागों के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा, पीएम आवास, पूर्ण आवास, शेष आवास निर्माण, किश्त मिलने पर कार्य प्रारम्भ नहीं करने वाले हितग्राही को नोटिस देना और कार्य नहीं करने पर सरकारी राशि का वसूली प्रक्रिया आदि के बारे में कलेक्टर ने जिले के सभी सीईओ से चर्चा किया।

■ राजस्व, पंचायत, निर्माण एजेंसी, स्वास्थ्य, शिक्षा और वन विभाग

इसी प्रकार निर्माण एजेंसी लोक निर्माण, पीएमजीएसवाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, गृह निर्माण मण्डल, जल संसाधन विभाग, नगरीय निकाय द्वारा जिले में किये जा रहें जिसमें पीडब्लूडी द्वारा जिला सयुंक्त कार्यालय, सीजीएमएससी द्वारा जिला अस्पताल, सीएमएचओ कार्यालय, पीएचई द्वारा जल जीवन मिशनए मल्टीविलेज,सारंगढ़ और बरमकेला में जल आवर्धन, नगर पंचायत सरिया द्वारा सरिया में अमृत मिशन 2.0 नगरपालिका सारंगढ़ द्वारा नालंदा लाइब्रेरी, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा सेजेस स्कूल निर्माण, जल संसाधन विभाग द्वारा लात नाला निर्माण, नहर मरम्मत आदि के लक्ष्य, उपलब्धि और प्रगति की रिपोर्ट के बारे में चर्चा किया गया। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के ईकेवायसी, एनआरसी से सुपोषण प्राप्त बच्चों की संख्या, किशोरियों और महिलाओ के सुपोषण, बच्चों के टीकाकरण आदि पर चर्चा किया गया। उन्होंने राजस्व अधिकारियो के साथ बैठक कर राजस्व प्रकरणो, विवादित और अविवादित सीमांकन, बंटवारा, फ़ौती नामांतरण, आपदा, कानून व्यवस्था आदि का समीक्षा किया और उन्हें सतत मुख्यालय में रहने और अनुमति प्राप्त कर मुख्यालय छोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर पद्मिनी ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वृक्षारोपण, वन भूमि पर कब्जा मुक्ति, गोमरडा अभ्यारण सहित जिले में पशु पक्षियों के लिए गर्मी में जल उपलब्धता, जंगली जानवरों के अवैध शिकार पर अंकुश, जंगल में स्थित जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना आदि के संबंध में चर्चा किया गया।

कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में जिले के 10वी और 12वी बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करने पर बधाई दी। साथ ही शौचालय विहीन स्कूलों में शौचालय निर्माण के निर्देश दिए।

### कुनकुरी में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 6 नमूने जांच को भेजे

**जशपुरनगर।** सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कुनकुरी क्षेत्र में हाट-बाजार के कारण खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने किराना दुकानों, मौसमी फल व सब्जी विक्रेताओं, गन्ना रस-जूस विक्रेताओं, होटलों, ढाबा आदि का मौके पर निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए। व्यापारियों को हाइजीन, एक्सपायरी खाद्य पदार्थों की छटनी व नष्टीकरण, पीने के पानी का सुरक्षित संग्रहण, पेस्ट कंट्रोल, फूड हैंडलर्स का मेडिकल, खाद्य लाइसेंस आदि के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिलने से बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन की योजनाएं तब सार्थक मानी जाती हैं, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहजता और संवेदनशीलता के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार इसी जनकल्याणकारी सोच को साकार कर रहा है।

■ अब सम्मान और सुविधा के साथ जी सकेंगे जीवन

यह अभियान केवल समस्याओं के निराकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में विश्वास, सम्मान और आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा भरने का माध्यम भी बन रहा है।



विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम पंचायत घरघोड़ी में आयोजित सुशासन शिविर इसका जीवंत उदाहरण बनाए जहां दिव्यांग हितग्राहियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए उन्हें मौके पर ही सहायक उपकरण प्रदान किए गए। ग्राम घरघोड़ा निवासी संतोषी ठाकुर लंबे समय से शारीरिक असुविधा के कारण दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना कर रही थीं। सामान्य आवागमन भी उनके लिए चुनौती बन चुका था।

सुशासन शिविर में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार बेलडीपा घरघोड़ा निवासी फूल सिंह राठिया एवं मंथीर दास को सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। हितग्राहियों ने भावुक होकर कहा कि शासन की यह पहल उनके लिए केवल सहायता नहींए बल्कि सम्मानपूर्वक और आत्मनिर्भर जीवन जीने की नई शक्ति है।

## संगठन अनुशासन संघर्ष और राष्ट्र प्रथम की भावना गढ़ने का जरिया : जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला रायगढ़ द्वारा जिले की पहली परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के नवनियुक्त पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति के सदस्य और सभी मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री विशेष रूप से उपस्थित हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं के आपसी परिचय और भविष्य की कार्ययोजनाओं को लेकर एक ठोस रणनीति तैयार करना था। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के पूर्व भारत माता पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजन की शुरुआत की गई।बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र देवांगन ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा भारतीय जनता युवा मोर्चा एक ऐसा मंच है जिसके जरिये युवाओं की सकारात्मक शक्ति का आकलन किया जाता है। यह संगठन केवल पद नहीं जिम्मेदारी सिखाता है। राजनीति में कदम रखने वाले हर युवा के लिए भाजयुमो एक तरह से सैन्य परीक्षण की तरह प्रक्रिया है। यहाँ अनुशासन, संघर्ष और राष्ट्रप्रथम की भावना गढ़ी जाती है। रायगढ़ के युवाओं में जो




### महतारी वंदन से बहनों को सम्मान

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मधुलता पटेल ने कांग्रेस प्रवक्ता के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की अहम योजना है जिसने प्रदेश की 70 लाख से अधिक बहनों को आर्थिक संबल और सम्मान दिया है। कांग्रेस को महिलाओं का सशक्तिकरण हजम नहीं हो रहा, इसलिए झूठे आरोप गढ़ रही है।

ऊर्जा दिखी, वह बताती है कि छत्तीसगढ़ का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं के भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि युवा मोर्चा संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने युवाओं को आगामी संगठनात्मक लक्ष्यों के प्रति सजग रहने और केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया। संगठनात्मक मार्गदर्शन की कड़ी में रायगढ़ जिला भाजपा प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने युवाओं को अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करने की सीख दी।

## कांसाबेल थाने का आरक्षक दुष्कर्म के आरोप में घिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले से पुलिस विभाग को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। कांसाबेल थाना में पदस्थ आरक्षक रुद्रमणी यादव पर आदिवासी विधवा शिक्षिका ने दुष्कर्म, मानसिक प्रताड़ना, धमकी और आर्थिक शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला की शिकायत और जाति प्रमाण पत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 376(2)(एन) तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसके पति की वर्ष 2020 में मौत हो चुकी है और वह अपने दो बच्चों के साथ अकेले जीवन यापन कर रही है। जनवरी 2023 में फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान आरक्षक रुद्रमणी यादव से हुई थी। शुरुआत में आरोपी ने महिला की पारिवारिक समस्याओं को सुलझाने और सहयोग करने का भरोसा दिलाया। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आरोपी ने महिला की मजबूरी व अकेलेपन का फायदा उठाया। महिला द्वारा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने के बाद पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी हैं।

■ आदिवासी विधवा शिक्षिका ने दर्ज कराई एफआईआर

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी आरक्षक के खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार ने कहना है कि कांसाबेल थाने में पदस्थ आरक्षक रुद्रमणि यादव को निलंबित कर उसके खिलाफ धारा 376 एवं एसटी एसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, आरोपी की पातासाजी की जा रही है।

### तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 120 महिला खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# अदाणी फाउंडेशन की टीम ने रायगढ़ महिला कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 का खिताब जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम पंचायत सूपा में पांच से सात मई तक आयोजित रायगढ़ महिला कबड्डी प्रीमियर लीग 2026 का समापन उत्साह और महिला सहभागिता के साथ हुआ। जिले की 10 टीमों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में करीब 120 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में अदाणी फाउंडेशन की टीम ने पोषण पैंथर टीम को पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों ने टीमवर्क, अनुशासन और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। दर्शकों की बड़ी उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और पूरा मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रायगढ़ के एसएसपी शशि मोहन सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ शशधर दास (चीफ बिज़नेस ऑफिसर, अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़) तथा लक्ष्मी जीवन पटेल (जिला पंचायत सदस्य) ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम में अनिरुद्ध सिदार (सरपंच प्रतिनिधि, सूपा), ओमप्रकाश गुप्ता (सरपंच, बड़े भंडार), संजय मैत्री (सरपंच, बरपाली), प्रेम भारद्वाज (उपसरपंच, सूपा), अक्षय प्रधान (बड़े भंडार), धरम सिंह पटेल (बड़े भंडार), विजय सिदार (जनपद पंचायत सदस्य) सहित ग्राम सूपा एवं बरपाली के गणमान्य



नागरिक उपस्थित रहे। अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ से एचआर हेड, सिविल हेड, प्रोजेक्ट, मेकेनिकल हेड, प्रोजेक्ट और लैंड-लायजनिंग हेड की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "इस तरह की खेल प्रतियोगिताएँ महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। खेल अनुशासन और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं, जो जीवन में उपयोगी सिद्ध होते हैं।"

चीफ बिज़नेस ऑफिसर शशधर दास ने कहा, "अदाणी पावर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। खेलों के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच देना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।" इस प्रतियोगिता का आयोजन रायगढ़ अमेचर कबड्डी संघ की ओर से किया गया। आयोजन में संघ के राजेश पटनायक और उनकी 20 सदस्यीय टीम का योगदान रहा। प्रतियोगिता का प्रायोजक अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ रहा। ग्राम पंचायत सूपा और ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अदाणी फाउंडेशन वर्ष 2022–23 से बालिकाओं को निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण और प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करा रहा है। टीम को प्रेम नायक, रतिराम सिदार और परमेश्वर बिश्वाल की ओर से वर्ष 2022 से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक बालिकाएँ प्रशिक्षित हो चुकी हैं, जिनमें से 34 खिलाड़ी राज्य स्तरीय और 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी हैं। यह पहल ग्रामीण बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर देने के साथ महिला सहभागिता को प्रोत्साहित कर रही है।



# विजय के जन्मदिन पर रिलीज होगी जन नायकन

**मुंबई।** तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय की मच अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का इंतजार कर रहे फैन्स के लिए बड़ी खबर है। हाल ही में चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान फिल्म के निर्माता वेंकट के नारायण ने बताया कि 'जन नायकन' अगले 14 दिनों के भीतर रिलीज हो सकती है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में है और बोर्ड के साथ लगातार बातचीत जारी है। इसी वजह से फिल्म की रिलीज में देरी हो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म मेकर्स विजय के जन्मदिन पर 22 जून को 'जन नायकन' को रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से यह फिल्म कई कारणों से चर्चा में बनी हुई थी।

## लाइफ Style



# आलिया

## कान फिल्म फेस्टिवल के लिए हुई रवाना

कान फिल्म फेस्टिवल में इस बार कई भारतीय सितारों की मौजूदगी देखने को मिलने की उम्मीद है। इनमें आलिया भट्ट और ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर तारा सुतारिया समेत कई अन्य भारतीय सितारे भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना भी हो गई हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोमवार तड़के आलिया भट्ट को मुंबई हवाई अड्डे पर स्पॉट किया गया। इसके बाद से ही ये कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हो गई हैं। इस दौरान आलिया कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने सफेद टैंक टॉप के ऊपर काले रंग का कोट पहना था, जिसे उन्होंने डेनिम जींस और बूट्स के साथ पेयर किया था। इस बीच कान से ऑनलाइन सामने आ रहे वीडियो में आलिया की तस्वीरों वाले बड़े बैनर फेस्टिवल से पहले बिल्डिंग्स पर लगाए जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया, जेन फोंडा और वियोला डेविस सहित कई इंटरनेशनल सेलेब्स के साथ शामिल होंगी। कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए आलिया ने इस अनुभव को बेहद खास बताया। एक बयान में एक्ट्रेस ने कहा कि पिछले साल का अनुभव शानदार था। मैं इस साल एक और भी बड़े इवेंट के लिए वापस आकर वाकई में उत्साहित हूं। महिलाओं के महत्व और सशक्तिकरण का मजबूती से समर्थन किया जाता है। 12 से 23 मई तक फ्रांस में होने वाले इस कान फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत से भारत समेत कई इंटरनेशनल फिल्मी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

## हॉलीवुड मसाला



# तुम हमारी ताकत हो मेरी जान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के हसबैंड निक जोनस ने मदर्स डे के खास मौके पर कुछ प्यारी झलकियां शेयर की हैं। उन्होंने इस खास मौके पर वाइफ के लिए एक पर्सनल इमोशंस शेयर किया है। उन्होंने प्रियंका और उनकी बेटी मालती मैरी की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए काफी खूबसूरत कैप्शन लिखा है। निक ने लिखा है, 'तुम हमारी ताकत हो। मेरी जान, मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।' इस पोस्ट पर प्रियंका ने खुद रिएक्ट भी किया है।




# डेजर्ट वॉरियर बनी अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर के कई देश ज्यादा लागत वाली बेहतरीन फिल्में बना रहे हैं। जहां भारत में वाराणसी और रामायण जैसी बड़े बजट की फिल्में बन रही हैं। वहीं, चीन ने भी अपनी पहली अरब-डॉलर की ब्लॉकबस्टर फिल्म, 'ने जा 2' बनाई है। इसी तरह से सऊदी अरब ने भी बड़े बजट की फिल्म बनाई। इसमें हॉलीवुड के भी सितारे शामिल थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। यह इतिहास की सबसे बड़ी बॉक्स-ऑफिस फ्लॉप बन गई। नवंबर 2021 में, सऊदी की प्रोडक्शन कंपनी, एमबीसी स्टूडियो ने 'डेजर्ट वॉरियर' नाम की एक फिल्म का एलान किया। इस फिल्म का मकसद सऊदी फिल्म इंडस्ट्री में नई जान डालना था। इसको कई प्रोडक्शन हाउस ने मिलकर बनाया। इसका निर्देशन रूपर्ट वायट ने किया।



# लंबे कद की वजह से छिनी कई फिल्में

**मुंबई।** 1997 में आई फिल्म विरासत से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री पूजा बत्रा ने मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी। पूजा बत्रा कई हिंदी फिल्मों का हिस्सा रहीं। हालांकि, सफल डेब्यू के बावजूद उनका कॅरियर ज्यादा लंबा नहीं रह सका। हाल ही में पूजा बत्रा ने बताया कि उनकी लंबी हाइट के चलते भी उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। क्योंकि, अधिकांश एक्टर्स की हाइट उनसे कम थी, लेकिन उनमें ईगो इतना था कि वो हीरोइन को खुद से लंबा नहीं दिखने देना चाहते थे। इसलिए वो हीरोइनों को खुद से छोटा दिखाना चाहते थे। पूजा बत्रा ने अपने शुरुआती दौर में संगीता बिजलानी की एक सलाह को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है संगीता बिजलानी ने मुझसे कहा था, 'फिल्मों में तुम्हारा कोई चांस नहीं है, क्योंकि तुम बहुत लंबी हो'।



# डीडीएलजे को खास तरीके से किया याद...

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था।

## टीवी मसाला




# किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती : रुबीना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन की जबरदस्त चर्चा हो रही है। आज ही शो का लॉन्च हुआ है, जिसमें कई नए और पुराने कलाकार एक साथ नजर आने वाले है। इस बार भी शो को रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच रुबीना दिलैक का एक बयान चर्चा में आ गया हैं, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रुबीना ने अपने बयान से ये साबित कर दिया है कि वो एक स्ट्रॉन्ग प्लेयर है। वीडियो में हर्ष गुजराल जब रुबीना से सवाल पूछते हैं कि यहां सबसे ज्यादा कंपटीटिव हैं इस गेम में, उसका क्या रीजन है? तो रुबीना बहुत ही सिंपल तरीके से जवाब देती हैं, 'मैं किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती हूं।' तब हर्ष गुजराल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'फिर ऐसा करो, आप अकेले ही अफ्रीका चली जाओ।' तब रुबीना बोलती हैं, 'आप देखोगे कि मैं अकेले ही स्टंट्स करूंगी, क्योंकि मैं खुद का कंपटीशन हूं। मैं रुबीना 2.0 हूं, क्योंकि मां बनने के बाद क्या कुछ चेंज होता है, वो शायद आप में से कोई नहीं जान सकता है।' बता दें कि 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में रुबीना दिलैक ने भाग लिया था. साथ ही अपनी मजबूत परफॉर्मेंस से टॉप 5 में जगह बनाई थीं। इसके बाद दोबारा उनकी वापसी ने फैंस को खुश कर दिया हैं और उनका ये अंदाज भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इस बार शो में रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल आदित्य सिंह, शगुन शर्मा, ओरी और अविका गौर हिस्सा ले रहे है।

## कपिल शर्मा शो पर 'साजिश' का दावा

**नई दिल्ली।** खुद का 'कॉमेडी का लाल' बताने वाले सुनील पाल भी कमाल हैं। वह हफ्ते भर में अपनी ही बात से पलट गए हैं। हाल ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के स्पेशल एपिसोड में नजर आने के बाद सोशल मीडिया पर



सुनील पाल चर्चा में आए। 2 मई को स्ट्रीम हुए एपिसोड में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शामिल थे। 'लेटेंट विवाद' के बाद सुनील पाल और समय रैना पहली बार आमने सामने थे। कई लोगों को लगा था कि एपिसोड में सुनील पाल को जान-बूझकर निशाना बनाया गया। लेकिन, तब सुनील पाल ने कहा था कि 'उन्हें कुछ बुरा नहीं लगा।' लेकिन अब एक नए पॉडकास्ट में वह बिफर गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे कपिल शर्मा पर 'समय रैना के लिए फेवरटिज्म' का आरोप लगाया। यही नहीं, 51 साल के सुनील ने अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू को भी बुरा-भला कहा है और 'साजिश' रचने का दावा किया।

# अनन्या और लक्ष्य की चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल'का ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में रोमांस, इमोशन और भरपूर ड्रामा देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर से फिल्म की स्टोरी के बारे में भी काफी कुछ हिंट मिलती है। 2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अनन्या और लक्ष्य के एक रोमांटिक सीन से होती है। लेकिन अचानक दोनों के बीच झगड़ा हो जाता है। ट्रेलर में कुछ भी नया या अलग देखने को नहीं मिलता है। वो ही पहले प्यार, फिर रोमांस, फिर झगड़ा और ड्रामा और अंत में संभवतः हैप्पी एंडिंग। ट्रेलर में स्टोरी के बारे में काफी कुछ पता चलता है। इससे इतना स्पष्ट होता है कि यह एक नॉर्मल लव स्टोरी है, जैसी कई फिल्मों में पहले भी देखने को मिल चुकी है। इस ट्रेलर में फिल्म की बाकी



कास्ट में कोई खास चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे ट्रेलर में अनन्या और लक्ष्य ही नजर आते हैं। अनन्या का किरदार काफी हद तक 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' जैसा मालूम पड़ता है। उनकी एक्टिंग में भी कोई बदलाव या नयापन नजर नहीं आता। हां, लक्ष्य पहली बार इस तरह के फुल प्लेस रोमांटिक हीरो के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन ट्रेलर के गुस्से वाले और चिल्लाने वाले सीन में वो उतने प्रभावी नहीं लगते हैं।

# 'अंखियों के झरोखों से' गाना लिखने वाले गीतकार बचपन से थे दृष्टिहीन, खुद नहीं देखी दुनिया...

**नई दिल्ली।** अंखियों के झरोखों से... क्या आप सोच सकते हैं कि दिल की गहराई में उतरने वाला यह गाना जिस शख्स ने लिखा है, उसने खुद कभी दुनिया नहीं देखी? भारतीय संगीत जगत में अगर किसी ऐसे व्यक्ति का नाम पूछा जाए जिसने अपनी शारीरिक कमजोरी को ही अपनी ताकत बना लिया तो वह रवींद्र जैन हैं। जन्म से दृष्टिहीन होने के बावजूद, उन्होंने बॉलीवुड को ऐसे गाने दिए जो आज भी जगमगा रहे हैं। रवींद्र जैन को लोग दादू कहकर बुलाते थे।



### 4 साल की उम्र से सीख रहे संगीत

रवींद्र जैन का जन्म 1944 में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। उनके पिता संस्कृत के विद्वान और आयुर्वेदाचार्य थे। रवींद्र जैन जन्म से ही देख नहीं सकते थे। हालांकि, बचपन से ही रुचि संगीत में थी। उनके पिता को लगा कि रवींद्र को किसी कमी का अहसास न हो इसलिए 4 साल की उम्र में ही उनके लिए घर पर संगीत की शिक्षा की व्यवस्था कर दी। उन्होंने अलीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल से पढ़ाई की। वह मंदिरों में भजन भी गाते थे। रवींद्र संगीत सीखते रहे फिर आगे चलकर उन्होंने कोलकाता जाकर आगे की शिक्षा ली। रवींद्र जैन को लगा कि संगीत ही उनकी जिंदगी है। उन्होंने रेडियो स्टेशंस पर ऑडिशन दिए, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया।

### ऐसे हुई फिल्मों में एंट्री

रवींद्र जैन के कोलकाता वाले गुरु एक फिल्म बनाना चाहते थे। इसमें संगीत देने के लिए 1969 में वह रविंद्र जैन को अपने साथ मुंबई ले गए। इस मूवी का नाम लोरी था। 1972 में रवींद्र जैन को सौदागर फिल्म से पहचान मिली। 1975 में गोरी तेरा गांव बड़ा प्यार लोगों को खूब पसंद आया। 1978 में आई फिल्म अंखियों के झरोखों से के टाइटल सॉन्ग को रवींद्र ने ना सिर्फ लिखा बल्कि म्यूजिक भी दिया था।


**रवींद्र जैन के कुछ फेमस गाने**

- अंखियों के झरोखों से
- गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा
- जब दीप जले आना
- श्याम तेरी बंसी
- गीत गाता चल
- हुस्न पहाड़ों का
- सुन साहिबा सुन
- एक राधा एक मीरा
- सजना है मुझे सजना के लिए
- कौन दिशा में लेके
- जोगी जी धीरे-धीरे
- मुझे हक है (विवाह)

## धुरंधर-2 से कर्तव्य तक, मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इन दिनों गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं।*





**धुरंधर द रिवेंज :** महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कर्तव्य :** यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**द क्रैश :** यह एक क्राइम आधारित डॉक्यूमेंट्री है। द क्रैश 2022 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें ओहियो की 17 साल की किशोरी मैकेंजी शिरिला ने जान-बूझकर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी कार एक ईंटों वाली इमारत से टकरा दी थी। इस घटना में उसके बॉयफ्रेंड डोमिनिक रूसो और उसके दोस्त डेवियन फ्लैनगन, दोनों की मौत हो गई थी। उसे 12 गंभीर अपराधों का दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 'द क्रैश' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**मार्टी, लाइफ इज शॉर्ट :** कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट पर बनी यह आगामी डॉक्यूमेंट्री, थिएटर और कॉमेडी की दुनिया में उनके शानदार और मशहूर कॅरियर को दिखाती है। यह कॉमेडी में उनके 50 साल के सफर के उतार-चढ़ाव और उनकी विरासत को दिखाती है। इस फिल्म में उनके कॅरियर के दुर्लभ फुटेज और उनके करीबी दोस्तों और सह-कलाकारों के साथ की गई खास बातचीत शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शक 12 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि मार्टिन शॉर्ट एक कनाडाई हास्य कलाकार, अभिनेता और लेखक हैं।

**एग्जाम :** यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। 'एग्जाम' सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

**इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2 :** रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, शालिन भनोट, राहुल मित्रा, जाकिर हुसैन, आयशा एस. ऐमन, जोहेब फारूकी जैसे कलाकारों से सजी 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगा। यह सीरीज यूपी पुलिस के अफसर अविनाश मिश्रा की कहानी है, जो एसटीएफ के प्रमुख हैं और गैंगस्टरों को अपना निशाना बनाते हैं। यह सीरीज 15 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन :** बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन, मनी हाइस्ट का आठ-एपिसोड का स्पिन-ऑफ है। स्पेन के सेविले में सेट यह बर्लिन (पेड्रो अलोंसो) और उसकी टीम की कहानी है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक और बड़ी चोरी को अंजाम देने के लिए वापस लौटते हैं। इसे दर्शक 15 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**खबर संक्षेप**



### असम सीएम के शपथ ग्रहण में शामिल हुए ओपी

**रायगढ़।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित प्रवासी प्रभारियों की बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित कैबिनेट के साथी गण, विधायकगण सहित गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही।

### 11 केंद्रों में 79.11 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मई को जिले के 11 परीक्षा केंद्रों में संपन्न हुआ। परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जिला प्रशासन द्वारा सभी केंद्रों में सुरक्षा, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं अनुशासन की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। प्रवेश परीक्षा के लिए जिलेभर से कुल 3705 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें 1365 बालक एवं 2340 बालिकाएं शामिल थीं। परीक्षा में कुल 2931 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इनमें 1011 बालक एवं 1920 बालिकाएं शामिल रहीं। जिले का कुल उपस्थिति प्रतिशत 79.11 दर्ज किया गया, जबकि बालिकाओं की उपस्थिति 82.05 प्रतिशत रही, जो छात्राओं की बढ़ती जागरूकता और भागीदारी को दर्शाता है।

### असामाजिक तत्वों ने दर्जनों कार में की तोड़फोड़

**मालखरौदा ।** सडक किनारे घर के सामने रखे दर्जनों चारपहिया वाहनों पर 3 आसामाजिक तत्वों ने तोडफोड कर दी। जिसके चलते दो दर्जन से अधिक ग्रामीण दहशत में है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के बीरभांठा चौक से लेकर मिशन चौक के बीच का है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 11 मई की सुबह 3 बजे से 4 के बीच सड़क किनारे स्थित अपने घर के सामने चार पहिया वाहन पार्किंग रखा गया था। इस बीच बाइक में सवार 3 असामाजिक तत्वों ने कार में तोडफोड कर दिया। जिसके चलते कार को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं दो दर्जन से अधिक ग्रामीण दहशत में है बताया जा रहा है। सुबह तड़के 3 से 4 के बीच मोटर साइकिल में सवार तीन असामाजिक तत्व वीरभाठा चौक से लेकर छोटे सीपत तक घर के सामने खड़े छोटे-बड़े सभी कारों के शीशा ईटा पत्थर मार कर तोड़ दिए जिससे वाहन मालिकों को भारी भरकम नुकसान का सामना करना पड़ा। वहीं सामाजिक तत्वों के इस प्रकार के हरकत से वाहन मालिकों में दहशत का आलम है। बड़ी संख्या में वाहन मालिक थाना पहुंचकर कारों में तोड़फोड़ करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग में पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने की मांग की है।

**न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 94/अ-21/2025-26
साकिन-घरघोड़ा प.ह.न. 14

**-: ईश्तहार :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जयप्रकाश अग्रवाल पिता हंसराम अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 8 घरघोड़ा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम घरघोड़ा प.ह. नंबर 14 तहसील घरघोड़ा स्थित भूमि खसरा नंबर 453/12, 453/13 रकबा क्रमशः 0.008, 0.009 हे. भूमि आवेदक के हक, स्वामित्व एवं नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित भूमि है। चूंकि उक्त भूमि अधिसूचित क्षेत्र में स्थित है। इस कारण भूमि के विक्रय हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत सक्षम अधिकारी / कलेक्टर की अनुमति आवश्यक है। अतः उक्त भूमि को क्रेता श्रीमती मंजू अग्रवाल पति नटवारलाल अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 10 घरघोड़ा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ के पास विक्रय करना चाहते है। अतः उक्त भूमि को प्रस्तावित क्रेता के पक्ष में विक्रय करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 22/05/2026 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में जिसे किसी को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/ आपत्ति दिनांक 22/05/2026 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 27/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
घरघोड़ा

प्रभावित ग्राम सभाओं का समर्थन, विकास, रोजगार एवं मुआवजे के पक्ष में ग्रामीण

# एसईसीएल का वादा, केलो नदी के प्राकृतिक प्रवाह से नहीं होगी किसी तरह की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की पेलमा खुली खदान परियोजना के अंतर्गत प्रभावित ग्रामों में विधिवत ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को परियोजना से संबंधित सभी तथ्यों एवं प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। चर्चा के पश्चात ग्राम सभाओं द्वारा सर्वसम्मति से परियोजना के पक्ष में प्रस्ताव पारित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी प्रदान किया गया।



परियोजना हेतु आवश्यक वन भूमि हस्तांतरण के संबंध में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2008 एफआरए के प्रावधानों के अंतर्गत सभी संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा विधिवत सहमति प्रदान की गई है। पेलमा खुली खदान परियोजना में मुख्यतः कुल 8 ग्रामों की भूमि तथा ग्राम खर्रा की आंशिक भूमि सहित लगभग 2077 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। पेलमा परियोजना से प्रभावित परिवारों की भूमि, आवास एवं आजीविका से जुड़े विषयों पर ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगों एवं सुझावों को एसईसीएल द्वारा गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ स्वीकार किया गया है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा करते हुए पारदर्शी एवं न्यायसंगत पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन आर एण्ड आर नीति लागू की जाएगी। एसईसीएल द्वारा जो भूमिहीन व्यक्ति अधिग्रहण के पूर्व से वहाँ निवासरत हैं, उन्हें मकान का मुआवजा एवं नियमानुसार पुनर्वास लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही, कोल इंडिया लिमिटेड की आर एंड आर नीति के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न प्रावधान किए गए हैं, जैसे ठेकेदार के अधीन रोजगार उपलब्ध कराना, दुकान निर्माण कर प्रदान करना आदि। परियोजना के प्रारंभ होने से क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 1500 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें स्थानीय युवाओं एवं प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही स्वरोजगार, कौशल विकास एवं महिला स्व-सहायता समूहों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में यह स्पष्ट किया गया है कि केलो नदी के प्राकृतिक प्रवाह को किसी भी प्रकार से बाधित अथवा परिवर्तित नहीं किया जाएगा। जल संरक्षण एवं पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

एसईसीएल द्वारा वर्तमान में कोई हवाई सर्वेक्षण नहीं किया जा रहा है। एसईसीएल द्वारा परियोजना क्षेत्र में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। कंपनी ने यह भी अवगत कराया कि कुछ बाहरी तत्वों द्वारा भ्रामक सूचनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि अधिकांश ग्रामीण परियोजना के विकासात्मक एवं रोजगारपरक लाभों को समझते हुए इसका समर्थन कर रहे हैं। एसईसीएल ने दोहराया कि कंपनी स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रशासन एवं ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



## सरिया पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया पुलिस को काले रंग की बाइक क्रमांक एमपी 34 एमबी 0154 में दो लोग सवार होकर ओड़िशा से गांजा लेकर जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने थाना के सामने मेन रोड में घेराबंदी कर गाड़ी को रोकी गई। मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 34 एमबी 0154 में दो लोग सवार होकर आ रहे थे।

पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम गणेश ठाकुर पिता आशाराम ठाकुर 29 और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अवि घोसी पिता प्रहलाद घोसी 26 दोनों निवासी ग्राम तेन्दुखेड़ा बीड़ी कॉलोनी वार्ड नंबर 09 थाना तेन्दुखेड़ा जिला दमोह मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए। जिनके पिट्ठू बैग को चेक करने पर पिट्ठू बैग में 04 पैकेट 02-02 किलोग्राम का अवैध गांजा मिला। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर बरगढ़ ओड़िशा से लेकर जबलपुर मध्य प्रदेश बिक्री करने ले जाने की बात कही। गांजा के संबंध उनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 09 किलो 265 ग्राम गांजा विधिवत जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध सिद्ध पाये जाने से आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं थाना में अपराध क्रमांक 96/2026 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 2550 प्रकरणों का हुआ निराकरण



**छाल।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के तत्वावधान में संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव दीपक देवांगन अधिवक्ता, दुर्गानंद यादव अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ के अधिकारी कर्मचारी, पैरालीगल वालंटियर्स मौसमीशर्मा, सावित्री डनसेना, सदानंद सिंह, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, महिला स्व सहायता समूहों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान न्यायालय में लंबित विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। व्यवहार न्यायालय धरमजयगढ़ में कुल 3701 प्रकरण चिन्हित किए गए थेए जिनमें से 2550 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को त्वरितए सुलभ एवं कम खर्च में न्याय प्राप्त हुआ। साथ ही आपसी समझौते से विवादों के समाधान की दिशा में यह आयोजन अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

### बांधापाली में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम, आज पूर्णाहुति

**छाल।** ग्राम बांधापाली छाल में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है। कथा व्यास पंडित देवेन्द्र सतपथी लिंजीर, बरमकेला ने अपनी मधुर वाणी और संगीतमय प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपान कराया। 12 मई को कथा के अंतिम दिवस पर सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित मोक्ष का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अटूट मित्रताए भक्ति और समर्पण का संदेश दिया गया। कथा विश्राम के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा के समापन अवसर पर बुधवार को तुलसी वर्षा, गीता पाठए हवन, पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। इस धार्मिक आयोजन की मुख्य यजमान श्रीमती हरि कुँवर पटेल हैं। आयोजन में कृष्णचन्द्र पटेल एवं श्रीमती जगरमती पटेल सहित समस्त पटेल परिवार कृ लाला राम, नारायण, योगेन्द्र, भरत एवं अन्य परिजनों का विशेष योगदान रहा। पूरे आयोजन के दौरान ग्राम बांधापाली का वातावरण भक्तिए श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा।



## ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन, ब्याज के साथ मुआवजे की मांग

**घरघोड़ा।** कुर्मीभौना के ग्रामीणों ने 10 मार्च को सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, भाजपा अध्यक्ष अरुणधर दीवान समेत अन्य पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि एसईसीएल विस्तारीकरण ग्राम कुर्मीभौना पोरडा, पोरडी में किया जा रहा है। जिसमें 2009-10 के भू अर्जन दर जो ग्राम बरौद बिजारी में भू अर्जन राशि दिया गया था 6 लाख, 8 लाख, 10 लाख प्रति एकड़ की दर से मुआवजा वितरण किया गया था।



उल्लेखनीय यह है कि 16 वर्ष पश्चात 2026 में भी उसी दर से ग्राम कुर्मीभौना, पोरडी, पोरडा में मुआवजा 6 लाख 8 लाख 10 लाख से किए जाने का प्रावधान रखा गया है, जो किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नही है, इसलिए 16 वर्ष की क्षतिपूर्ति के लिए 12 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर मुआवजा राशि, फलदार और इमारती पेड़ पौधों की गणना भू राजस्व संहिता के मापदंड के अनुसार, आबादी प्लांट वी वन अधिकार पट्टा की भूमि का मुआवजा बनाने, मकान व परिसंपत्ति का 2025-26 राजस्व बाजार भाव से मूल्यांकन या परिसंपत्ति का गणना, कर अंतराल वर्ष पर 12 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज लगाकर गणना, जमीन पर विभिन्न उपयोग के लिए आल्वेस्टर शीट से निर्माण किये गये शेड का मूल्यांकन, मुआवजा वितरण पूर्व सभी जन्म लिए संतान को एसईसीएल द्वारा रोजगार की पात्रता एवं विस्थापन लाभ की पात्रता, भू अर्जन पूर्ण होने के पश्चात नौकरी प्रक्रिया में सरलीकरण के साथ समस्त पात्र नौकरी धारक को नौकरी लगाने की 6 माह के भीतर एस ई सी एल की जिम्मेदारी हो, भूमिहीन परिवार की रोजगार व जीविकापार्जन पर विचार, पुनर्वास हेतु जमीन की व्यवस्था तथा जमीन व परिसम्पतियों घर दोनों का एक साथ मुआवजा राशि प्रदान करने जिससे ग्रामीण व किसानों द्वारा राशि का सदुपयोग हो सके की मांग तथा अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### ग्राम पंचायत सिलियारी में शराब बंदी की पहल गांव के पंच परमेश्वर ने जारी किया फरमान

**कोसीर।** कोसीर मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत सिलियारी व आश्रित गांव रक्शा में गांव की सरकार राजेश भारद्वाज सरपंच, पंच व जिला पंचायत सदस्य संतोषी अरविन्द खटकर के नेतृत्व मे गांव रक्शा में विशेष बैठक बुलाकर सभी पंचायत प्रतिनिधि व नागरिक गण की सहमति से एक बेहतरीन निर्णय लेते हुए गांव में शराब बंदी कराया और कहा आज से हमारे गावं भी एक आदर्श गांव के नाम से जाना जाएगा। गांव में किसी भी प्रकार के अवैध शराब बिकी पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा और इस नियम की अवहेलना करने पर आर्थिक दंड से दंडित किया जाएगा। इस तरह से ग्राम के सरपंच की इस बेहतरीन पहल की सभी ने सराहना की। वही सरपंच ने कहा शराब पीना और शराब बेचना बहुत ही निदंनीय विषय है,इससे गांव-घर में कलह उत्पन्न होता है जिससे शान्ति भंग होती है। लोगो को तकलीफ होती है आज इस विषय को सभी को गंभीरता से लेना होगा हर पंचायत के गांव गावं मे आवाज उठाना चाहिए जिससे शराब बंदी हो जाएगा। पंचायत की इस बेहतर पहल से महिलाओ ने काफी खूशी जाहिर करते हुऐ इस सराहना की और कही ऐसे ही पहल हर गांव में होनी चाहिए ताकि हर गांव में शांति बना रहे।

## राष्ट्रीय योगासन ओलंपियाड में चंद्रपुर के खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

**चंद्रपुर।** बरजेश स्कूल बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय राष्ट्रीय योगासन ओलंपियाड में सक्ती जिले के चंद्रपुर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया है।

पारंपरिक योग वर्ग में चयनित प्रतिभागियों में शिवांश सिदार, केतन देवांगन, नितीश कुमार मेहर, अविनाश डुआन, घृतेश देवांगन, चंदन मेहर, लीना पटेल, ऐशु पटेल एवं अनुभूति चौहान शामिल हैं। सभी प्रतिभागी स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चंद्रपुर के छात्र छात्राएं हैं। सभी खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चंद्रपुर एवं सक्ती जिले का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस सफलता का



श्रेय उनके प्रशिक्षक शोभा कुमार आनंद सर को दिया जा रहा है, जिनके मार्गदर्शन एवं निरंतर अभ्यास से खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की। क्षेत्रवासियों, विद्यालय परिवार एवं खेल प्रेमियों ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई दी।

## नगर पालिका परिषद ने किया शहर में डस्टबिन का वितरण



**रायगढ़।** घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने तथा क्लीन खरसिया, ग्रीन खरसिया के संकल्प के साथ हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह अभियान के तहत खरसिया नगर के 4 हजार आवासीय और एक हजार व्यावसायिक परिसरों में डस्टबिन वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी पार्षदगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सभी नगरवासियों से अपील है कि प्रतिदिन अपने घरों का सूखा एवं गीला कचरा अलग अलग रखें एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन में अलग अलग ही दें, ताकि हमारा खरसिया स्वच्छ सुंदर एवं हरित बन सके।

## मध्यम वर्गीय किसान की बेटी बनी डॉक्टर कामयाबी पर छलकी दादी की आंसू

**सरिया।** एक छोटे से गांव के मध्यम वर्गीय किसान परिवार की बेटी जब मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर डॉक्टर बनकर लौटी तो, बेटी के स्वागत में पूरे गांव के लोग उमड़ पड़े। यही नहीं गांव के मुख्य चौराहे से घर तक ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं व आतिशबाजी के साथ बेटी का अभिनंदन किया गया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया से लगे ग्राम अमूर्रा की बेटी सविता चौहान ने स्व. लखीराम अग्रवाल मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में 5 साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद डॉक्टर बनकर अपने गांव का अमूर्रा लौटी।



तब परिवार के अलावा पूरे गांव की खुशी का कोई ठिकाना न रहा। बेटी के साथ डॉक्टरी की डिग्री और चेहरे पर चमक थी। उसने पूरे गांव को दिवाली जैसे माहौल की खुशियां ला दी। किसान परिवार से बेटी का डॉक्टर बनना आसपास के ग्रामीण एवं ग्रामीण इलाकों के लिए प्रेरणा बन गया। सविता की इस सफलता को ग्रामीणों द्वारा उनकी मेहनत का फल बताया। ग्रामीणों ने बताया कि साधारण किसान परिवार की सविता कठिन परिश्रम से डॉक्टर बनने का सपना सच किया। पहली बार गांव लौटने पर ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया। उनकी सफलता ग्रामीण बेटियों के लिए एक मिसाल बन गई। सरिया संवाददाता वीरेंद्र सोनी ने किसान की बेटी डॉक्टर सविता चौहान से उनके संघर्ष की कहानी को लेकर चर्चा की। तब उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति, मेहनत, लगन के बल पर सफलता अवश्य मिलती है। और उन्होंने वही काम किया। जो आज परिणाम सबके सामने है। प्रारंभ से ही मेधावी है डॉ सविता चौहान । विदित हो ग्राम पंचायत अमुर्रा थाना सरिया की होनहार बालिका सविता चौहान पिता पालेश्वर चौहान माता मनभांगी चौहान ने स्व. लखीराम अग्रवाल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ से 2020 बैच में एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर अपने गांव अमुर्रा लौटीं। बाजे गाजे के साथ गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, महिलाओं, विद्यार्थियों की उपस्थित में नगर भ्रमण के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डॉ सविता चौहान एक लघु कृषक की पुत्री हैं जो चार बहनों में से एक हैं। डॉ सविता चौहान बचपन से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई शासकीय प्राथमिक शाला अमुर्रा से शुरू की थीं और कक्षा पांचवी में नवोदय परीक्षा उत्तीर्ण कर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर रायगढ़ में कक्षा 12 वीं तक पढ़ाई की थीं।

## मिरौनी बैराज में बढ़ रही है भीड़, दुर्घटना की आशंका

**कोसीर।** कोसीर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले सिघनपुर मिरौनी बैराज मे लगातार लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। यह एक पर्यटन क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आ रही है, लेकिन लगातार बढ़ रही भीड़ किसी अनजान घटना का भय भी सतानें लगा है। मंगलवार को नदी में एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ गए थे जिसका इंतजार बैठकर कर रहे थे । अचानक भीषण गर्मी व भारी धूप के कारण मृत्यु हो जाने से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई और देखते ही देखते लोगों की हुजूम उमड़ पड़ी।



मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भरत लाल देवागन के रूप मे हुआ जो कि वार्ड क्रमांक 08 सारंगढ़ के निवासी बताया जा रहा है जिनकी उम्र लगभग 65 वर्ष है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार मौत के कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। हालाकि अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मौत कैसे हुई। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। मौके पर कोसीर पुलिस पहुंची जहां शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया।

